Name of The Agency :- Priyanka Kumari,
Vill-Darmiya PO-Konehiya Rajpur
PS-Kesariya, Dist-East Champaran-845432

**Name of the Work :- Package No.-MR-N/2022-23/Dhaka/03**

| Sl.No. | Name of the Road | Length (KM) | Construction Cost | Maintenance Cost |
|---|---|---|---|---|
| 1 | East Champaran Jila Antargat Dhaka Chainpur Muaky marg to Jhora Ram Brahaman Toli Hote Raksa Marg Seth hote Mukhya path tak Sadak nirman | 2.280 | 17537784.00 | 2440182.00 |
| 2 | Dhaka Karsahiya Path to Mushari tola hote hue Raksa Shyam Bakhyi path | 3.775 | 17538682.00 | 5240428.00 |
| Total :- | | | 35076466.00 | 7680610.00 |

# AGREEMENT NO.:- 12MBD/2022-23

Rate Approved By R.W.D., Patna
R.W.D., Chief Engineer-3, Patna Letter No.-3615 Date :- 24.11.2022

Const. Cost :- 35076466.00
Maint. Cost :- 7680610.00
Total :- 42757076.00

Agreement Value :- 4,27,57,076.00 (Rupees Four Crore Twenty Seven Lac Fifty Seven Thousand Seventy Six) Only

Date of Work Order :- 02-12-2022

Time of Completion :- 01-09-2023 (09 Month)

Performance Security :- Bank Guarantee/F.D. Rs. 2055000=00

Additional Performance Security – FD/TD Rs. 90000=00

Submitted to Division by FD/TD Rs. 2145000=00

Security Deduct From Bill :- 05 %

No. of Item :- 01 to 43 to Continue with Five Year Maintenance

Rate :- 0.03 % Belows

प्रियंका कुमारी

[signature] 2.12.22
Executive Engineer
R. W. D. (Works)
Division Dhaka
02/12/22

Scanned with CamScanner

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये

ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000

Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

AR 743824

जिला कोषागार पूर्वी चम्पारण
बिहार BIHAR मोतिहारी

20 OCT 2022

करीय कोषागार पदाधिकारी
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

नरेन्द्र तिवारी
मुद्रांक विक्रेता
अवर निबन्धन कार्यालय, ढाका
पूर्वी चम्पारण

## Agreement

Agreement No 12 MBD/2022-23 MBD/R.W.D. Dhaka/Package No.- MR-N/2022-23/Dhaka/03

This agreement, made the _____ day of 02-12-2022,

Between Executive Engineer RWD (W) Div. , Dhaka of the one part, and, **Priyanka Kumari, Vill-Darmiya PO-Konehiya Rajpur PS-Kesariya, Dist-East Champaran-845432** of the another part. Whereas the Employer is desirous that the Contractor execute Construction of **Package No.-MR-N/2022-23/Dhaka/03 (1) East Champaran Jila Antargat Dhaka Chainpur Muaky marg to Jhora Ram Brahaman Toli Hote Raksa Marg Seth hote Mukhya path tak Sadak nirman (2) Dhaka Karsahiya Path to Mushari tola hote hue Raksa Shyam Bakhyi path Under Package No.-MR-N/2022-23/Dhaka/03** Tender ID-118861 and the employer has accepted the Bid by the contractor for the execution and completion of such works and the remedying of any defects therein at a cost of **Rupees 4,27,57,076.00 (Rupees Four Crore Twenty Seven Lac Fifty Seven Thousand Seventy Six) Only Only**

NOW THIS AGREEMENT WITNESSETH as follows:

1. In this Agreement, words and expressions shall have the same meanings as are respectively assigned to them in the Conditions of Contract hereinafter referred to, and they shall be deemed to form and be read and construed as part of this Agreement.

प्रियंका कुमारी

2.12.22

Executive Engineer
R. W. D. (Works)
Division Dhaka

02/12/22

Scanned with CamScanner

मुख्य अभियंता–3, पटना का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक– मु0अ0–3 प0पु0 1–493/22 3615 अ0 /पटना, दिनांक– 24-11-22

प्रेषक,

मुख्य अभियंता–3,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, ढ़ाका।

विषयः शीर्ष **3054** नई अनुरक्षण नीति 2018 योजना अन्तर्गत कार्य प्रमण्डल, ढ़ाका के अधीन **MR-N/22-23 Dhaka/03** तक पथ मरम्मति (**TenderID-118861**) कार्य के निविदा निष्पादन के संबंध में।

प्रसंगः–मुख्य अभियंता–4, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–मु0अ0–4(मु0)–निविदा–04–29 पार्ट–II/2022 – 2526 अनु0 पटना दिनांक–23.11.2022

महाशय,

शीर्ष **3054** नई अनुरक्षण नीति 2018 योजना अन्तर्गत कार्य प्रमण्डल, ढ़ाका के अधीन **MR-N/22-23 Dhaka/03** तक पथ मरम्मति (**TenderID-118861**) कार्य निविदा के वित्तीय बीड में सफल निविदाकार **Priyanka Kumari** (512455) द्वारा उद्धत दर जो कि परिमाण विपत्र की दर से 0.03 प्रतिशत कम है, अर्थात कुल राशि 4,27,57,076.00 (चार करोड़ सताईस लाख सनत्ताबन हजार छिहत्तर) रू0 मात्र पर कार्यहित एवं आपकी अनुशंसा के आलोक में यह कार्य आवंटित किया जाता है। इस निविदा के निष्पादन पर विभागीय निविदा समिति की सहमति प्राप्त है।

2. निविदा की स्वीकृति सिर्फ इसी कार्य के लिए है, जो भविष्य में पूर्वाधारण नहीं होगा।

3. कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ढ़ाका संवेदक के द्वारा एकरारनामा के लिए जमा की गई राशि एवं निविदा के साथ अग्रधन के रूप में जमा किये गये संबंधित एन0एस0सी0/पासबुक/फिक्स डिपोजिट/बैंक गारन्टी आदि का सत्यापन कराकर प्रमंडलीय कार्यालय में अभिलेखित करेंगे एवं कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व अग्रधन की राशि के सत्यापन से संबंधित कागजात अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगें।

4. एकरारनामा के पूर्व **Bid Validity** की अवधि विस्तार की जाँच के उपरान्त ही एकरारनामा सुनिश्चित किया जाय।

5. एकरारनामा के पूर्व निविदा सूचना के अनुसार सभी वांछित कागजातों की अद्यतन स्वच्छ एवं सत्यापित प्रति निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जाय एवं साथ में इसकी भी जाँच कर ली जाय कि संवेदक डीबार सूची से मुक्त है।

5. अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता अग्रेतर कार्रवाई से पूर्व भली भाँति आश्वस्त हो लेगें कि पथ का हस्तांतरण हेतु विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया है।

6. कार्य में व्यवहृत सामग्रियों का दर प्राक्कलन में स्वीकृत लीड के आधार पर दिया गया है, कार्य कराते समय अगर इसमें कमी पाई जाती है तो उसके दर में सापेक्ष कमी कर दी जायेगी।

7. इस कार्य के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रावैधिक स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित शर्त एकरारनामा का भाग होगा, जिसे विशेष शर्त में जोड़कर संवेदक के साथ एकरारनामा किया जायेगा।

8. अनुमोदित किये गये तुलनात्मक विवरणी के प्रत्येक बिन्दु की जॉच अपने स्तर से स्वंय कर लेगे एवं त्रुटि पाये जाने की स्थिति में वस्तुस्थिति से तत्क्षण अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। त्रुटि के सुधारोपरान्त एकरारनामा की कार्रवाई की जायेगी।

9. एकरारनामा के समय प्रत्येक मद के भाषा की शुद्धता की जांच कार्यपालक अभियंता स्वयं कर लेंगे एवं यह सुनिश्चित करेगें कि इसमें कोई त्रुटि न हो।

10. कार्यारम्भ के पूर्व कार्यपालक अभियंता कार्य स्थल के निरीक्षणोपरान्त स्थल की स्थिति एवं प्राक्कलन में किये गये उपबंध से पूरी तरह आश्वस्त हो लेंगे एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा प्रावैधिक स्वीकृति के अग्रसारण प्रारूप में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

11 कार्यादेश निर्गत करने से पहले संबंधित संवेदक से एकारारित अवधि के अन्दर कार्य समाप्त करने हेतु विस्तृत मदवार कार्य प्रोग्राम प्राप्त कर ही एकरारनामा किया जाय।

12 अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता विशेष रूप से ध्यान देंगे कि कार्य मानक विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित कार्य अवधि के अंदर पूरा की जाय।

13. कार्य समाप्ति की अवधि परिमाण विपत्र के अनुसार होगी।

प्रियंका कुमारी

Executive Engineer
R. W. D. (Works)
Division Dhaka
02/12/22

Scanned with CamScanner

14. कार्यपालक अभियंता कार्य आवंटित किये गये संवेदक से 10 दिनों के अन्दर एकरारनामा कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनके अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाय।

15. इस कार्य का व्यय शीर्ष **3054** योजना से मिलने वाली राशि के अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलित होगा।

16. एकरारनामा के समय प्राक्कलन के अनुसार इस कार्य को पूरा करने हेतु संवेदक से मदवार कार्य योजना एकरारनामा के समय प्राप्त किया जाय तथा उस कार्य योजना की प्रति संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता को भी उपलब्ध कराया जाय, ताकि कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता निर्धारित समय के साथ मदवार प्रगति का आकलन कर कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित संवेदक को सूचित प्रत्येक 15 दिनों पर करेंगे। अगर संवेदक द्वारा निर्धारित समय के अन्दर उक्त मद के मात्रा का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया तो कार्यपालक अभियंता दंडात्मक कार्रवाई संवेदक के विरूद्ध करेंगे। कार्यपालक अभियंता अगर उक्त निदेश का पालन नहीं करते हैं तो वे स्वयं कार्रवाई के पात्र होंगे।

17. सभी निविदा कागजात एवं तुलनात्मक विवरणी की मूल प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु लौटाई जाती है। आप निविदा कागजातों एवं तुलनात्मक विवरणी के जांचोपरान्त आप आवश्यक निदेशों को अपने स्तर से निर्गत करेंगे।

18. एकरारनामा से पहलें निविदाताओं द्वारा दिये गये कागजात का सत्यापन उनके मूल कागजात से मिलान कर लेगें। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, ढाका** तुलनात्मक विवरणी की एक अभिप्रमाणित प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य अचंल, मोतिहारी** को अभिलेख हेतु उपलब्ध करा देंगे। निदेश दिया जाता है कि संवेदक से कार्य प्रोग्राम प्राप्त कर लेगे तथा उनका कार्यक्षमता कुशलता एवं पूर्व से आवंटित कार्यो की प्रगाति से संतुष्ट हो ले।

19. इस निविदा की राशि में अगर कोई अंतर होता है तो इसकी सूचना तुरन्त इस कार्यालय को दी जाय।

20. कार्यपालक अभियंता, एकरारनामा करने के पूर्व संवेदक का निबंधन संख्या पूर्ण पता एवं दूरभाष संख्या कार्यादेश में अंकित करेगें तथा इस कार्यालय को सूचित करेगें।

21. परिमाण विपत्र की दर से कम दर उद्धत करने वाले संवेदक से विभाग द्वारा पूर्व में निर्गत दिशा निदेश के आलोक में अतिरिक्त वांछित परफॉरमेंस सिक्यूरिटी की राशि जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना देंगे।

22. किसी भी परिस्थिति में निजी जमीन पर निर्माण नहीं कराया जाय।

23. प्रत्येक 15 दिनों पर संवेदक से स्वहस्ताक्षरित विपत्र प्राप्त कर स्थल से मिलान कर मापी पुस्तिका में मापी दर्ज कर भुगतान सुनिश्चित करेंगे।

25. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, ढाका** को निदेशित किया जाता है कि विभागीय पत्रांक–मु0आ0–4(मु0) विविध–23–291/2014–131 पटना दिनांक–13.12.2019 के आलोक में पत्र प्राप्ति के 24 घंटा के भीतर Letter of Acceptance (LOA) संबंधित संवेदक को निर्गत कर इसकी सूचना इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

26. संवेदक के चरित्र प्रमाण पत्र के संबंध में निर्गत विभागीय पत्रांक–489 अनु0 दिनांक–28.01.2021 को अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना देंगे।

अनु0–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

मुख्य अभियंता–3,पटना

ज्ञापांक – II/मु0आ0– 3615 /पटना, दिनांक– 24-11-22

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, को सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य अभियंता–3,पटना

ज्ञापांक – II/मु0आ0–3 3615 /पटना, दिनांक– 24-11-22

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य अंचल, मोतिहारी** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता–3,पटना

ज्ञापांक II/मु0आ0–3 3615 /पटना, दिनांक– 24-11-22

प्रतिलिपि : सहायक आई0टी0 मैनेजर, मुख्य अभियंता–3 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं ई–मेल पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता–3,पटना

Chief Engineer 3

Scanned with CamScanner